● सुनो, पढ़ो और गाओ :

# ८. चित्र बोलते हैं

– *किरण मिश्र अयोध्यावासी*

**जन्म :** ५ जुलाई १९५३ **रचनाएँ :** चुंबक है आदमी, चंद्रबिंब, मंजीरा, पंछी भयभीत हैं । **परिचय :** नवगीतकार के रूप में प्रसिद्ध हैं । इस कविता में कवि ने तूलिका की ताकत एवं चित्रों की महत्ता को दर्शाया है ।



## सुनो तो जरा


किसी चित्र के पात्रों के बीच होने वाले संवाद की कल्पना करो और सुनाओ ।

सुनो तो जरा की कृति करवाने के लिए आवश्यक सोपान :

- किसी चित्र प्रदर्शनी में देखे हुए चित्रों के बारे में बताने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करें ।
- पहला चित्र उन्होंने कब और कैसे बनाया एक दूसरे से पूछने के लिए कहें ।
- अन्य चित्र दिखाकर पात्रों के बीच होने वाले संवाद पर चर्चा करें और संवाद कहलवाएँ ।

आओ, बैठो यहाँ मन खोलते हैं ।
जो मैं नहीं कह पाता वो चित्र बोलते हैं ।।
मन की हमारी बातें, जब मित्र पूछते हैं ।
जो मैं नहीं कह पाता वो चित्र बोलते हैं ।।
मन की हमारी बातें ....

रंग लगी तूलिकाएँ कैनवास रँगतीं हैं ।
ऐसा लगता कोई नया सृजन करती हैं ।।
सप्तरंगी जीवन के दृश्य खोजते हैं ।
जो मैं नहीं कह पाता वो चित्र बोलते हैं ।।
मन की हमारी बातें ....



❑ उचित हाव-भाव, लय-ताल के साथ कविता का पाठ करें । विद्यार्थियों से सामूहिक, गुट में कविता का पाठ कराएँ । कविता में आए भावों पर प्रश्नोत्तर के माध्यम से चर्चा करें । कविता के कौन-से भाव उन्हें अच्छे लगे, बताने के लिए प्रेरित करें ।

## विचार मंथन

।। प्रकृति में बिखरे कितने रंग, मन में भर जाती उमंग ।।

चित्र मेरे आँखों तक ही नहीं सीमित हैं ।
अंतर्मन से देखो हम उनमें जीवित हैं ।।
बस आप तक पहुँचने की राहें ढूँढ़ते हैं ।
जो मैं नहीं कह पाता वो चित्र बोलते हैं ।।
मन की हमारी बातें ....





चित्रों की भाषा पढ़ने की जिन्हें आदत ।
वो जानते हैं चित्रों की ताकत-इबादत ।।
रचती वही तूलिका, जो मन में सोचते हैं ।
जो मैं नहीं कह पाता वो चित्र बोलते हैं ।।
मन की हमारी बातें ....

चित्रों के रंग, जीवन में रंगों को भरते हैं ।
चिंतन के सपनों को साकार करते हैं ।।
बनता वही चित्र जो भीतर से देखते हैं ।
जो मैं नहीं कह पाता वो चित्र बोलते हैं ।।
मन की हमारी बातें ....





- विद्यार्थियों से कहें कि वे अपनी पसंद का एक चित्र लेकर उसके बारे में दस से पंद्रह वाक्य लिखें । कविता में आए अनुस्वार, अनुनासिक, पंचमाक्षरयुक्त शब्द खोजवाकर इनका वर्गीकरण कराएँ तथा अन्य पंचमाक्षरों से बने शब्द लिखवाएँ ।



## मैंने समझा

---



## शब्द वाटिका

**नए शब्द**
**सृजन** = रचना
**इबादत** = पूजा
**सप्तरंगी** = सात रंगोंवाला
**तूलिका** = चित्र अंकित करने की कलम या कूँची
**राहें ढूँढ़ना** = हल निकालना
**सपने साकार करना** = लक्ष्य प्राप्त करना ।



## खोजबीन

रंग कैसे बनते हैं ? ढूँढ़ो और उनके उपयोग पढ़ो :

- प्राकृतिक रंग
- कृत्रिम रंग



## जरा सोचो ......चर्चा करो

अगर चित्रों में जान आ जाए तो ......



## बताओ तो सही

विविध क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारी किस रंग की पोशाक (गणवेश) पहनते हैं ?

- नर्स
- वकील
- यातायात पुलिस
- दमकल कर्मचारी
- डाकिया



## वाचन जगत से

ब्लॉग से किसी साहसी/वैज्ञानिक कहानी का वाचन करो ।



## अध्ययन कौशल

किसी कहानी पर आधारित चित्रों का फोल्डर बनाकर कहानी सुनाओ ।



## स्वयं अध्ययन

नीचे दिए गए शब्दों का लिप्यंतरण रोमन (अंग्रेजी) में करो :

| तूलिका | भोजन | प्रातः | चाँदनी | जिम्मेदारी |
|---|---|---|---|---|
| ............ | ............ | ............ | ............ | ............ |
| कौमुदी | पैदल | गेंद | वाद्‌यवृंद | शान |
| ............ | ............ | ............ | ............ | ............ |



## मेरी कलम से

समाचार पत्र में से मुख्य समाचारों के पाँच वाक्यों का अनुवाद करो ।

✲ **उत्तर लिखो :**

(क) 'चित्र मेरे आँखों तक ही नहीं सीमित' ऐसा क्यों कहा है ?

(ख) रंग लगी तूलिकाएँ कौन-सा काम करती हैं ?

(ग) चित्र में कौन-सी ताकत होती है ?

(घ) चित्रों के रंग किन्हें साकार करते हैं ?



## सदैव ध्यान में रखो

शब्दों की अपेक्षा चित्र गहरा असर डालते हैं ।



## भाषा की ओर

नीचे दिए हुए वाक्य पढ़ो और मोटे टाईपवाले शब्दों की तरफ ध्यान दो :

(१) अनय उत्तम **तैराक** है ।

(२) मेहल **हँसोड़** लड़की है ।

(३) वृक्ष की **कटाई** पर रोक लगाई है ।

(४) इस गाँव के लोग **झगड़ालू** नहीं हैं ।

**तैराक, हँसोड़, कटाई, झगड़ालू** इन शब्दों में मूल शब्द तैरना, हँसना, काटना, झगड़ना ये क्रियाएँ हैं । मोटे टाइपवाले शब्द क्रिया में प्रत्यय लगाने पर बने हैं । अतः ये '**कृदंत**' हैं ।

(१) **राष्ट्रीय** एकता को बनाएँ रखें ।

(२) देशवासियों में **अपनत्व** का भाव है ।

(३) भारत के **प्राकृतिक** दृश्य अवर्णनीय हैं ।

(४) हिमालय की **ऊँचाई** देखते ही बनती है ।

राष्ट्रीय, अपनत्व, प्राकृतिक, ऊँचाई इन शब्दों में मूल शब्द राष्ट्र, अपना, प्रकृति, ऊँचा हैं । इनमें राष्ट्र (संज्ञा), अपना (सर्वनाम), प्रकृति (संज्ञा) और ऊँचा (विशेषण) है । ये शब्द संज्ञा, सर्वनाम, विशेषणों में प्रत्यय लगाने पर बने हैं । अतः ये '**तद्धित**' हैं ।

✲ निम्न गद्यांश को पढ़कर तद्धित तथा कृदंत प्रत्यय छाँटो तथा उसका विग्रह करके तालिका में लिखो-

एक लकड़हारा था । वह एक दिन लकड़ियाँ बेचने हाट की ओर जंगल के रास्ते निकला । रास्ता पथरीला, कँटीला, टेढ़ा-मेढ़ा और डरावना था । वह दोपहर में थकान के कारण सो गया । कुछ समय के बाद आगे बढ़ा । वह जब जंगल से गुजर रहा था तो कुछ डाकुओं ने उसे घेर लिया और धमकी दी । वह बोला-''मैं कोई धनवान नहीं हूँ, अपनी कमाई से पेट पालता हूँ ।'' यह सुनकर डाकू वहाँ से चल पड़े ।

| क्र. | शब्द | तद्धित | | शब्द | कृदंत | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मूल शब्द | प्रत्यय | | मूल शब्द | प्रत्यय |
| १. | लकड़हारा | लकड़ी | हारा | थकान | थकना | आन |
| २. | | | | | | |
| ३. | | | | | | |
| ४. | | | | | | |